**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**तृतीय तल, पिकप भवन, विभूति खण्ड, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**

**संख्या- 96 /01/कम्प्यू0अनु0 (बारह)/2020-2023/05-परीक्षा/2019**

लखनऊ : दिनांक : 01 दिसम्बर, 2023

**आवश्यक सूचना**

आयोग के विज्ञापन संख्या-05-परीक्षा/2019, वन रक्षक एवं वन्य जीव रक्षक (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2019 के अंतर्गत वन रक्षक एवं वन्य जीव रक्षक के पदों पर चयन हेतु शारीरिक मानक परीक्षा एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की चिकित्सा परीक्षा आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना संख्या-541/29/तीन(परी0-1)/2019/2022/खण्ड-13, दिनांक 22-11-2023 आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित की गयी थी।

तदनुक्रम में प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत चिकित्सा परीक्षा हेतु अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा दिनांक 11-12-2023 से 23-12-2023 के मध्य उत्तर प्रदेश के 18 मण्डलीय जनपद मुख्यालयों के निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। सम्बन्धित अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि उनके द्वारा दिनांक 01-12-2023 से चिकित्सा परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं। अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह प्रवेश पत्र में अंकित निर्देशों का भली भांति अध्ययन कर लें तथा निर्धारित परीक्षा केंद्र पर नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

परीक्षा नियंत्रक,
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।